# CSMT मेट्रो स्टेशन का 52% काम पूरा

नवभारत न्यूज नेटवर्क

**मुंबई.** एमएमआरसी की तरफ से बनाए जा रहे भूमिगत मेट्रो- 3 का आजाद मैदान में बन रहे सीएसएमटी मेट्रो स्टेशन का 52% काम पूरा हो गया है. एमएमआरसी ने जानकारी दी है कि मेट्रो- 3 सीएसएमटी स्टेशन के बेस स्लैब का 80% काम पूरा कर लिया गया है. 70% कांकर्स स्लैब और 72% रुफ स्लैब का भी काम पूरा कर लिया गया है. स्टेशन का कुल 52% काम पूरा हो गया है.

## प्रवेश-निकास के लिए 6 द्वार, कामा अस्पताल की ओर भी होगा द्वार

सीएसएमटी में प्रवेश और निकास के 6 द्वार बनाए गए हैं. 2 प्रवेश और निकास द्वार कामा अस्पताल की तरफ बनाए गए हैं. इन प्रवेश द्वारों को आईनॉक्स सिनेमा और मुंबई अस्पताल की तरफ आने जाने वाले यात्रियों के लिए होंगे. 2 प्रवेश द्वार बीएमसी मुख्यालय और सीएएमटी रेलवे स्टेशन के यात्रियों के लिए रहेंगे. एक प्रवेश – निकास द्वार सीधे सीएसएमटी सबवे से जोड़ा जाएगा. इसके अलावा एक प्रवेश– निकास द्वार अमर जवान मेमोरियल की तरफ आने जाने वाले यात्रियों को ध्यान में रख कर बनाया गया है. सभी 6 प्रवेश द्वार से प्रवेश और निकास की सुविधा होगी. सुबह और शाम के समय सीएसएमटी स्टेशन पर होने वाली भीड़ को ध्यान में रख कर बनाया गया है. मेट्रो तैयार होने के बाद सीएसएमटी रेलवे स्टेशन पर होने वाली कम है सकेगी.